1. **कोशिका की सबसे बाहरी परत कौन-सी होती है?**
   A. केंद्रक B. कोशिकाद्रव्य
   C. कोशिका भित्ति D. प्लाज्मा झिल्ली (D)

व्याख्या : कोशिका की सबसे बाहरी परत प्लाज्मा झिल्ली होती है, जो अंदरुनी भाग को बाहरी वातावरण से अलग करती है।

2. **प्लाज्मा झिल्ली को वणात्मक पारगम्य झिल्ली क्यों कहा जाता है?**
   A. यह सभी पदार्थों को अंदर आने देती है
   B. यह किसी भी पदार्थ को नहीं आने देती
   C. यह कुछ पदार्थों को आने-जाने देती है
   D. यह केवल गैसों को आने देती है (C)

व्याख्या : प्लाज्मा झिल्ली कुछ पदार्थों को अंदर-बाहर जाने देती है और कुछ को रोक देती है।

3. **कोशिका में गैसों का आदान-प्रदान किस प्रक्रिया से होता है?**
   A. परासरण B. विसरण
   C. सक्रिय परिवहन
   D. एन्डोसाइटोसिस (B)

व्याख्या : CO_2 और O_2 का आदान-प्रदान उच्च सान्द्रता से निम्न सान्द्रता की ओर विसरण द्वारा होता है।

4. **जल का अणु कोशिका झिल्ली के पार किस प्रक्रिया द्वारा जाता है?**
   A. विसरण B. परासरण
   C. परावर्तन D. चालन (B)

व्याख्या : जल का गमन वणात्मक पारगम्य झिल्ली से परासरण द्वारा होता है।

5. **किसी कोशिका को तनु विलयन (Hypotonic solution) में रखने पर क्या होगा?**
   A. कोशिका सिकुड़ जाएगी B. कोशिका फूल जाएगी
   C. कोई परिवर्तन नहीं होगा
   D. कोशिका मर जाएगी (B)

व्याख्या : तनु विलयन में जल परासरण द्वारा कोशिका के अंदर जाता है जिससे कोशिका फूल जाती है।

6. **किसी कोशिका को समपरासरणी विलयन (Isotonic solution) में रखने पर क्या होगा?**
   A. कोशिका फूल जाएगी
   B. कोशिका सिकुड़ जाएगी
   C. कोशिका में कोई परिवर्तन नहीं होगा
   D. कोशिका मर जाएगी (C)

व्याख्या : समपरासरणी विलयन में जल का अंदर और बाहर जाना बराबर होता है, इसलिए कोशिका में कोई परिवर्तन नहीं होता।

7. **अवतपरासरणी विलयन (Hypertonic solution) में कोशिका को रखने पर क्या होगा?**
   A. कोशिका फूल जाएगी
   B. कोशिका सिकुड़ जाएगी
   C. कोई परिवर्तन नहीं होगा
   D. कोशिका दोगुनी हो जाएगी (B)

व्याख्या : अवतपरासरणी विलयन में जल बाहर निकलता है जिससे कोशिका सिकुड़ जाती है।

8. **अमीबा भोजन ग्रहण करने के लिए किस प्रक्रिया का उपयोग करता है?**
   A. विसरण B. परासरण
   C. एन्डोसाइटोसिस D. अपसरण (C)

व्याख्या : अमीबा प्लाज्मा झिल्ली की सहायता से एन्डोसाइटोसिस प्रक्रिया द्वारा भोजन को अंदर खींच लेता है।

9. **पौधों की जड़ों द्वारा जल का अवशोषण किसका उदाहरण है?**
   A. विसरण B. परासरण
   C. सक्रिय परिवहन D. एन्डोसाइटोसिस (B)

व्याख्या : पौधों की जड़ें मिट्टी से जल परासरण द्वारा ग्रहण करती हैं।

10. **प्लाज्मा झिल्ली किन अणुओं से बनी होती है?**
    A. केवल प्रोटीन B. केवल कार्बोहाइड्रेट
    C. केवल लिपिड
    D. लिपिड और प्रोटीन (D)

व्याख्या : प्लाज्मा झिल्ली मुख्यतः लिपिड और प्रोटीन अणुओं से बनी होती है।

मिशन ज्ञान
सब चाहें जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App